## संक्षिप्त

### पीयूष का राजस्थान टीम में चयन

**रतनगढ़,( निसं )।** कस्बे के होनहार टेबल टेनिस खिलाड़ी पीयूष पुत्र इंद्र सिंह रावत का राजस्थान टेबल टेनिस टीम में चयन होने पर गुरुवार को स्थानीय संकल्प टेबल टेनिस एकेडमी में सम्मान किया गया। पीयूष का राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित राजस्थान स्टेट रैंकिंग और चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर 19 वर्ष राजस्थान टीम में चयन हुआ है। पीयूष बड़ोदरा गुजरात में आगामी 3 से 11 जनवरी तक आयोजित 86 इंटर स्टेट जूनियर एंड यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक संकल्प गहलोत, पवन कुमार जाग्रत, राकेश गहलोत, महेंद्र कुमार शर्मा, विवेक इंदौरिया, स्पर्श गहलोत सहित खिलाड़ियों ने रावत का स्वागत किया।

### किशोर प्रजापत बने सीए

**चूरू।** चूरू के होनहार छात्र किशोर प्रजापत ने चार्टेड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले में परचम लहराया है। किशोर प्रजापत के सीए बनने की खबर के बाद परिवार व मित्र बंधुओं में खुशी की लहर दौड़ गई। चूरू के किशोर प्रजापत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रजापत, सुरेश सेन, राजेंद्र शेखावत, चेतन, जय प्रकाश, भूपेन्द्र आदि ने किशोर की सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिविर का 195 लोगों ने लाभ उठाया

**झुंझुनूं,।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 195 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, सुमेरसिंह कर्णावत, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

### तीसरे दिन छात्राओं ने किया श्रमदान

**झुंझुनूं, ।** महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन छात्राओं द्वारा श्रमदान कार्य किया गया। प्रथम सत्र के दौरान स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर एवं उसके आस-पास साफ-सफाई की गई तथा कचरा पात्रों की देख रेख की गई। द्वितीय सत्र में एनएसएस प्रभारी डॉ. गोपाल शर्मा ने बताया कि एकल गायन प्रतियोगिता व विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। एकल गायन प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम स्थान, कोमल ने द्वितीय स्थान एवं अंतिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में नीतू ने प्रथम स्थान, अंतिमा ने द्वितीय स्थान तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### बालाजी धाम में पौष बड़ा 3 को

**सीकर, ।** सांवली रोड स्थित शेखावाटी म्यूजियम के पास स्थित सिद्धपीठ श्री दक्षिणमुखी बड़ा तालाब बालाजी धाम में आगामी 3 जनवरी को पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। श्यामभक्त रामगोपाल गोपी ने बताया कि दोपहर सवा बजे महंत जगदीश प्रसाद शुक्ला के सानिध्य में भजन कीर्तन होगा व दोपहर बाद सवा 3 बजे पौष बड़ा प्रसादी होगी।

### सात दिवसीय शिविर का समापन

**झुंझुनूं, ।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि पिछले सात दिन से चल रहे विशेष शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच मैनेजर देवेंद्रसिंह ने एनएसएस स्वयंसेवकों को वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग सेक्टर में रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को सात दिन में जो कुछ ज्ञान व जानकारी हासिल की उसको अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही।समारोह के दौरान डॉ. शुभकरण, बोनी कुमार तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# जिला कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

■ लंबित मामलों को जल्द निस्तारण करने के दिए निर्देश, अतिक्रमण पर कार्रवाई करने को कहा



कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई ।

**सीकर,( निसं ) ।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनसे संबंधित राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार बंटवारा एवं विभाजन करते समय रास्ते के प्रावधान का विशेष ध्यान रखें।जिला कलेक्टर शर्मा ने जिले में खुले बोरवेल एवं ट्यूबवेल से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्रॉप कटिंग की सही रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए ताकि कृषकों को पूरा मुआवजा मिल सके।अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को एवरेज फाईल डिस्पोजल कम करने, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त, मानवाधिकार के प्रकरणों की रिपोर्ट समय पर भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने लेण्ड कनवर्जन के प्रकरणों का 45 दिवस में निस्तारण करने, रास्तों के विवाद, 183 बी, सीमाज्ञान, इजराय, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने फतेहपुर उपखण्ड अधिकारी को मण्डावा बाईपास रोड़ की भूमि अवाप्ति मुआवजा वितरण,सभी उपखण्ड अधिकारियों को ब्लेक स्पोटस को चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही करने, उपखण्ड स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक लेने, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करने, जल जीवन मिशन से संबंधित 21 स्थानों पर भूमि आवंटन के लिए कार्यवाही करने के साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में कृषि आदान बीज, उर्वरक,खाद की उचित आपूर्ति की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सभा मे सीवरेज परियोजना की दी जानकारी

**रतनगढ़ ( निसं )** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना द्वारा रतनगढ़ शहर में आमजन की सुविधा हेतु सीवरेज प्रणाली के विकास के लिये विभिन्न आधारभूत विकास कार्य के साथ ही इन कार्यों के प्रति आमजन की सहभागिता, सुनिश्चित करने तथा समय-समय पर विभिन्न विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम भी करवाये जाते है। इसी क्रम में अधिशाषी अभियन्ता आर डी गर्ग के निर्देशन मे वार्ड न 37 व 38 के बीच जुम्मे की नमाज के बाद मस्जिद हुदा मोहल्ला तेलियान मे नुक्कड सभा आयोजित करा। जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड के द्वारा सीवरेज परियोजना के बारे मे विस्तार से जानकारी देते हुए परियोजना मे समुदाय की महत्वपुर्ण भुमिका एवं भागीदारी पर प्रकाश डाला गया।नुक्कड सभा सीवरेज परियोजना मे सीवरेज घरेलु कनेक्शन के लाभ के बारे मे जानकारी देते हुवे बताया की सीवरेज घरेलु कनेक्शन आरयूआईडीपी द्वारा नि शुल्क किए जांयेगे व कनेक्शन मे स्नानघर, रसोई व शौचालय को जोडा जायेगा ।

# राठौड़ ने किया तीन दिवसीय अन्तर्राज्यीय भ्रमण दल को रवाना

■ झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व बीकानेर के विद्यार्थी सामुहिक रूप से कपूरथला रेल्वे कोच फैक्ट्री का भ्रमण करेंगे




विद्यार्थियों के लिए संभाग स्तरीय तीन दिवसीय अन्तर्राज्य भ्रमण दल रवाना हुआ।

**चूरू ।** जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत कक्षा 9-12 के विद्यार्थियों के लिए संभाग स्तरीय तीन दिवसीय अन्तर्राज्य भ्रमण दल शुक्रवार को रवाना हुआ। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक गोविन्द सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक संतोष महर्षि व एपीसी हरिप्रसाद शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। भ्रमण दल का नेतृत्व समग्र शिक्षा के हरिप्रसाद शर्मा व सुरेन्द्र महला कर रहे हैं। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र महला ने बताया कि इस भ्रमण में चूरू जिले के कुल 50 विद्यार्थियों के साथ झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व बीकानेर के विद्यार्थी सामुहिक रूप से कपूरथला रेल्वे कोच फैक्ट्री का भ्रमण करेंगें। इसके अतिरिक्त अटारी-बाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर जलियाबाला बाग अन्य स्थलों का भी भ्रमण करेंगें। प्रभारी अधिकारी व सहयोगियों के दो दल बनाये गये हैं, इनमें एक दल प्रभारी, एक महिला शिक्षक व एक पुरुष शिक्षक नियुक्त किया गया। दल प्रभारी जगदीप साडोदिया, मंजू पंवार व सहयोगियों के रूप में रहेगें। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विज्ञान व गणित के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना व सीखने-समझने की जिज्ञासा व उत्साह के वातावरण का निर्माण करना है। इस अवसर पर एपीसी रामनिवास पूनिया, आरपी विनय सोनी, प्रधानाचार्य रामकुमार , कन्हैयाला , आरीफ, राजेश , उमेश कुमार , अशोक सैनी व सोनू यादव आदि उपस्थित थे।

# जिला कलेक्टर का रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने किया घेराव

**खिरोड़, ।** धर्मशाला-बेरी ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल में आए सीकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा का क्षेत्र के रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने घेराव किया एवं नारेबाजी की। इसपर पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों को जिला कलेक्टर से मिलने के लिए किसानों का प्रतिनिधि मंडल बनाकर मिलने के लिए समझाईश की। रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने किसान नेता विजेंद्र सिंह काजला एवं किरण मील के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधि मंडल जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा से मिला। क्षेत्र के भजनगढ़, भोज्यणआा जोहड़ा एवं स्वरूपपुरा क्षेत्र के रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों ने जिला कलेक्टर को अपनी समस्या बताई। जिस पर जिला कलेक्टर ने किसनों की समस्या को सुना। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने किसानों से कहा कि रेलवे लाइन की मंजूरी का काम सरकार ने किया है। मगर किसानों की समस्या का समाधान जरूर करवा दिया जाएगा। अगर रेलवे लाइन आती है। तो लाइन के दोनों साइड सड़क बनाई जाने का प्रस्ताव सरकार को भिजवा दिया जाएगा। साथ ही प्रभावित किसानों को नौकरी भी दिलवाई जाने का प्रस्ताव भी भेज दिया जाएगा। रात्रि चौपाल में मामराज मूंड, मनोज सैनी, ताराचंद भाकर, मेघसिंह राड़, प्रदीप पूनियां, गोविंद सैनी, मोहम्मद फारूक, नंदलाल गर्वा, पाबूदान सिंह, रतनसिंह शेखावत, शीशराम दूत, हरिश जोशी सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। इधर धर्मशाला बस स्टैंड पर स्थित सेठ जेपी गोयनका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुए रात्रि चौपाल के कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के साथ एसडीएम निखिल कुमार एवं तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर ने धर्मशाला ग्राम पंचायत क्षेत्र की तीन लड़कियां पलक, मोना एवं लक्की जिनकी माता का निधन 2013 में ही हो गया था। जो कि अपने नाना रामावतार सैनी के घर रह रही है। ग्रामीणों ने इन तीनों बालिकाओं को पालनहार योजना से जोड़ने एवं उनकी पढ़ाई का खर्चा सरकार द्वारा वहन किए जाने की मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर ने तुरंत आदेश करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने पीएचसी बेरी में चिकित्सक लगाए जाने की भी मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्रामीणों ने धर्मशाला के वार्ड नंबर 2 एवं 3 को जल जीवन मिशन से जोड़ने की मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर ने दोनों वार्डों को जल जीवन मिशन से जोड़ने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने नया जोहड़ा, बालाजी का नाडा, धर्मशाला स्टैंड, कोलिड़ा मोड स्टैंड एवं बेरी भजनगढ़ स्टैंड पर हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग पर जिला कलेक्टर ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सरपंच शारदा देवी, उप सरपंच भंवरसिंह, शेखावत एवं समाजसेवी रमेश धींवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नारी सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन का सुंदर आयोजन

■ श्री उत्सव का विभिन्न प्रकार की लगाई स्टाल

**राजलदेसर, (निसं)।** मदन दाधीच अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित तेरापंथ महिला मंडल एवं तेरापंथ कन्या मंडल राजलदेसर द्वारा श्री उत्सव का सफल आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष राजकुमार विनायक एवं भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं सभा के सह मंत्री (द्वितीय) पवन बोथरा की अध्यक्षता में श्री भैरव बाबा अतिथि भवन में किया गया। सुबह 12:15 बजे उद्घाटन सत्र रखा गया।

उत्सव का शुभारंभ तेरापंथ भवन में विराजित शासन साध्वी मानकुमारी से मंगल पाठ सुनकर श्री भैरव बाबा अतिथि भवन में महिला मंडल एवं कन्या मंडल की बहनों द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने रिबन खोलकर उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल की मंत्री रीना बैद ने पधारे हुए पदाधिकारीगणों, अतिथि गणों एवं उपस्थित महानुभावों का स्वागत करते हुए कहा श्री उत्सव का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। श्री उत्सव में लघु स्तर पर काम करने वाले स्टॉलों को प्राथमिकता दी गई। 20 से अधिक विभिन्न प्रकार की स्टॉल लगाई गई। इसमें साड़ियां, कुर्ती, किड्स आइटम, मोगर, बड़ी, पापड़, सुखे साग, खाटा-चूरी और खाने-पीने के आइटम आदि स्टाल लगाई गई।

कन्या मंडल द्वारा प्ले एंड प्लेटर गेम का सुन्दर आयोजन किया गया। श्री उत्सव का आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर एक प्रयास था। वर्तमान के युग मे महिलाओं को स्वावलंबी बनना जरूरी है। यदि महिलाएं व्यापार के गुण सीख लें तो विकट परिस्थितियों में परिवार की मदद कर सकती हैं। उपस्थित सभी जनों ने आयोजन की खूब प्रशंसा की। सभी वर्ग के लोगों ने अपनी इच्छा एवं आवश्यकतानुसार जमकर खरीददारी की। दिन भर लोगों का आवागमन लगा रहा। सायं 5:30 बजे कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रामकुमारपुरा में होने वाले किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

■ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए




किसान सम्मेलन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित ।

**खेतड़ी, ( निसं )** खेतड़ी उपखंड के रामकुमारपुरा में शहीद रामकुमार गुर्जर की स्मृति में शनिवार को होने वाले किसान सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।कार्यक्रम की संयोजक विधायक खेतड़ी इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि इस मौके पर किसान सम्मेलन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मुख्य अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया करेंगे। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, राज्य मंत्री सैनिक कल्याण बोर्ड प्रेम सिंह बाजोर, पूर्व सांसद संतोष अहलावत व नरेन्द्र कुमार खींचड़, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, विधायक झुंझुनूं राजेंद्र भामू, विधायक नवलगढ़ विक्रम सिंह जाखल, विधायक खंडेला सुभाष मील, विधायक कोटपूतली हंसराज पटेल, विधायक विराटनगर कुलदीप धनकड़, पूर्व सांसद सीकर सुभाष महरिया, पूर्व विधायक उदयपुरवाटी शुभकरण चौधरी, हजारीलाल गुर्जर, सुभाष पूनिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल व विश्वम्भर पूनिया भाग लेंगे। इस दौरान लोक गायक जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी तथा नरेश नागर एंड पार्टी के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस दौरान विधायक ने कार्यकत्ताओं से वार्ता कर समारोह की तैयारियां पूर्ण रूप से करने के निर्देश दिए। इस मौके पर छोटेलाल जमालपुर, समाज सेवी हरीराम गुर्जर, बलवीर काजला, सुरेन्द्र अमर सिंह, मनोज देवनगर, विक्रम सैनी, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिजली विभाग के कार्मिकों से मारपीट

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर में बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। कर्मचारी झुंझुनूं शहर में बगड़ रोड स्थित गणेश मंदिर के पास मीटर लगाने गए थे। इस दौरान अज्ञात युवकों ने उन पर हमला कर दिया। मीटर भी तोड़ दिया। हमले में एक कर्मचारी के नाक पर चोट आई है। बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं है। वायरल वीडियो में एक युवक पहले तो लकड़ी से मीटर को तोड़ता है। फिर बिजली कर्मचारी के साथ धक्का मुक्की करता है। उसके बाद एक युवक बाइक पर आता है और कर्मचारी के साथ मारपीट शुरू कर देता है। इस संबंध में कर्मचारी अशोक कुमार की ओर से कोतवाली में रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया कि वह साथी कर्मचारी सुभाष योगी के साथ शुक्रवार शाम 4 बजे के करीब गणेश मंदिर के पास मीटर लगाने गए थे। मीटर लगाकर कनेक्शन जोड़ने के लिए बिजली के पोल पर चढ़ रहा था। इस दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति व महिला आई। सीढ़ी को हिलाना शुरू कर दिया।

## सार-समाचार

### पोस्टर का विमोचन किया

**उदयपुरवाटी ।** निसं।ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज श्रीमाधोपुर की ओर से श्रीमाधोपुर में 29 दिसंबर को सैनी माली युवक युवती परिचय एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन समिति के पदाधिकारी पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी के नेतृत्व में शाकम्भरी गेट के पास निजी होटल में पधारे। पदाधिकारियों का पूर्व सैनी समाज अध्यक्ष दौलत सैनी की अध्यक्षता में स्वागत किया गया। आयोजन समिति के पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने 29 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही स्थानीय सैनी समाज के लोगों को समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पधारने के लिए आव्हान किया। इस अवसर पर सैनी माली युवक युवती परिचय एवं स्नेह मिलन समारोह के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस मौके पर प्रभुदयाल सैनी श्रीमाधोपुर, पार्षद विनेश सैनी श्रीमाधोपुर, बाबूलाल कटारिया श्रीमाधोपुर, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, पूर्व पार्षद प्रकाश बागड़ी, पार्षद श्यामलाल सैनी, बैंक प्रबंधक मुकेश सैनी, एडवोकेट ताराचंद सैनी नांगल, सुनील कुमार तंवर, सुभाष तंवर, शेरसिंह तंवर सहित आदि उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**रतनगढ़, (निसं)।** श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति का आशीर्वाद 2024 के अंतर्गत वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 29 को चूरू रोड स्थित श्री परशुराम अतिथि भवन में दोपहर दो बजे से होगा। समिति कार्यकारी अध्यक्ष गौतम महर्षि ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह पंडित श्रीनिवास ताम्रायत की पुण्य स्मृति में जयप्रकाश हेमंतकुमार ताम्रायत के सौजन्य से आयोजित होगा। कार्यक्रम में संत सान्निध्य संत निवृतिनाथ कृष्णा महाराज प्रणवाश्रम गनेड़ी(सीकर), अध्यक्षता परमेश्वरलाल ताम्रायत, मुख्य अतिथि अभिनेष महर्षि पूर्व विधायक, अतिविशिष्ट अतिथि रमेशचंद्र इंदौरिया, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार महर्षि जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा चूरू, जगदीश प्रसाद व्यास खंड विकास अधिकारी रतनगढ़, सज्जनकुमार लाटा तहसीलदार रतनगढ़ होंगें। कार्यक्रम संयोजक निर्मल कुमार शर्मा ने बताया कि आशीर्वाद 2024 के अंतर्गत सेकेंडरी तथा सीनियर सेकेंडरी में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक, स्नातक एवं अधिस्नातक में तहसील स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान, अक्टूबर 2023 के बाद राजकीय एवं अन्य सेवाओं में चयनित, राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता, विद्या मंदिर की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विजेता के साथ वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आयोजित बालिका एवं महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त कुल 187 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मंत्री रामावतार शर्मा ने समिति अध्यक्ष डॉ. जयकांत बिंवाल को नेपाल सरकार द्वारा समाजसेवा में श्रेष्ठ उपलब्धी के लिए अटल समरसता अवार्ड से सम्मानित होने पर ख़ुशी व्यक्त करते हुवे कहा की यह सम्मान समस्त विप्र जनों एवं रतनगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**सीकर ।** कोलीड़ा खेल विकास समिति के तत्वावधान में कोलीड़ा खेल स्टेडियम में रविवार को पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू होगी।इसका उद्घाटन समारोह सुबह 10.15 बजे होगा। प्रतियोगिता 2 जनवरी को होने वाले फाइनल मैच के बाद समापन समारोह के साथ संपन्न होगी। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतियगिता संयोजक सुरेश जाखड़, मांगीलाल रेप्सवाल व इरशाद मुगल ने बताया कि यह प्रतियोगिता एकल ग्रामीण होगी जो नॉकआउट पद्धित से खेली जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान 15 मैच होंगे। सभी मैच 45 - 10 - 45 कुल 90 मिनट की पूर्ण अवधि के होंगे। निर्धारित अवधि में मैच का निर्णय न होने पर 15-15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इसके बाद टाईब्रेकर होगा। प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपए नकद, उपविजेता को ट्रॉफी के साथ 71 सौ रुपए नकद व विजेता व उप विजेता टीमों के 18-18 खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार तथा प्रतियोगिता के सभी मैचों के मैन ऑफ दी मैच, मैन ऑफ दी सीरीज व फेयर प्ले टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दो दिन प्रथम राउंड के मैच होंगे। पहले दिन रविवार को सुबह नो बजे बिड़ोदी बड़ी व तारपुरा, ग्यारह बजे केएफसी कोलीड़ा व पालड़ी, दोपहर एक बजे डुडवा व पनलावा, सांय तीन बजे खीरवा व बीदासर के मध्य मैच होंगे। दूसरे दिन सोमवार को सुबह नो बजे यालसर व बीदसर, ग्यारह बजे थोरासी व जेरठी, दोपहर एक बजे पुनिया का बास व पलथाना तथा सांय तीन बजे गोठड़ा भुकरान व केकेवीएस कोलीड़ा के मध्य मुकाबले होंगे।

### बैंक मैनेजर की मनमानी से परेशान

**नीमकाथाना, ।** एक तरफ तो प्रधानमंत्री किसानों के हित के लिए योजनाएं लागू कर रहे हैं और दूसरी तरफ राजस्थान में भाजपा सरकार गरीब दलित किसानों के खेत नीलाम करके क्या साबित करना चाहती हैं। यह सवाल हर पीड़ित किसान की जुबान पर है। मिली जानकारी के अनुसार श्री माधोपुर उप खंड अधिकारी के बिना हस्ताक्षर के बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नांगल की ओर से वार्ड नंबर 8 गांव त्रिलोकपुर के किसान स्वर्गीय हरसा राम पुत्र नारायण वर्मा जाति बलाई के वारिस जनों की भूमि नीलामी की विज्ञिप्त जारी की गई है। इसमें बोली की तारीख 9 जनवरी 2025 दी गई है। इस विज्ञिप्त के बाद स्वर्गीय हरसा राम के आधा दर्जन से अधिक वारिस परेशान हैं। पीड़ितों ने बताया कि उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। बैंक का मैनेजर बार बार घर आकर महिलाओं को परेशान कर रहा है और नीलामी करने की धमकी दे रहे हैं। अनेक प्रकार की धमकी भी दी जा रही है। इस कारण से सभी घर वाले मानसिक रूप से परेशान हैं। पीड़ितों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी भूमि की नीलामी पर रोक लगाई जाए। साथ बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्यवाही की जावे। बैंक में अन्य खाताधारक महिला उपभोक्ताओं को भी अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। इस कारण से बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का नाम खराब हो रहा है। बैंक के उच्च अधिकारियों को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि लोगों में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की साख कायम रह सके।

### 42वां वार्षिकोत्सव आज

**पिलानी, ।** श्री महावीर मंडल पिलानी का 42वां वार्षिक उत्सव का आयोजन 28 दिसंबर शनिवार को होगा। शनिवार दोपहर 2:15 बजे से मनमोहक झांकियों एवं भजनों के साथ वार्षिकोत्सव शुरू होगा। आपको बता दें कि महावीर मंडल पिलानी की स्थापना एक जनवरी 1983 आज से 42 वर्ष पहले कुरड़ाराम महाजन मनीरामका ने की थी। इसी क्रम में श्री महावीर मंडल पिलानी का 2218वां श्री सुंदरकांड पाठ गुलाब राय हवाई समृति भवन में किया जाएगा। आस-पास के क्षेत्र से यहां श्रद्धालु पाठ में हिस्सा लेने आते हैं। नरेश मनीरामका ने बताया कि श्री महावीर मंडल पिलानी हर शनिवार की शनिवार घर-घर जाकर निशुल्क एवं श्रद्धा भाव से बाबा का सुंदरकांड पाठ का गुणगान करते हैं। महावीर मंडल ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक बाबा के नाम का पंचरम लहराया है। बाबा अमरनाथ बर्फानी, बूढा अमरनाथ, वाघा बॉर्डर, तनोट माता, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, गंगोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ, यानि चारों धाम में भी महावीर मंडल ने सुंदरकांड पाठ किया। साथ ही दिल्ली, जयपुर, भिवानी, रोहतक, दादरी, झुंझुनूं, सीकर, चूरू एवं आसपास के क्षेत्र में भी घर-घर जाकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है। सर्दी एवं बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए भक्तों के बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है।

### गौ प्रेमियों का जमावड़ा उमड़ा

**सीकर ।** पालवास स्थित श्री करणी गोपाल गौशाला समिति में आज गोसेवा,सुरक्षा,संवर्धन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए साक्षात गो माता के मंदिर का लोकार्पण शेखावाटी के संतो सहित प्रदेशभर से आए साधु संतों के सान्निध्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गो मंदिर का लोकार्पण कार्य सम्पन्न हुआ।

### पूर्व पीएम के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक घोषित

**झुंझुनूं, ।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद जिले में सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से यह शोक 26 दिसंबर से एक जनवरी तक लागू रहेगा। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार झुंझुनूं जिले के समस्त राजकीय, अर्द्ध शासकीय और सार्वजनिक उपक्रमों में राष्ट्रीय ध्वज आधे मस्तूल पर फहराया जाएगा। जहां यह नियमित रूप से फहराया जाता है। इस दौरान जिले में सरकारी स्तर पर किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक या मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन नहीं होगा।

# पश्चिमी विक्षोभ का असर, प्रदेश के कई जिलों में हुई मावठ

**मावठ की बरसात होने से किसानों के चेहरे खिले, सर्द हवाओं ने लोगों को ठिठुराया**

## उदयपुर में मावठ ने ठण्ड बढ़ाई, कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से बारिश हो रही है। प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। इधर लेकसिटी में भी शुक्रवार अलसुबह शुरू हुई बारिश दोपहर तक रूक-रूक कर जारी रही। सुबह सर्द मौसम की पहली बारिश (मावठ) हुई जिससे मौसम ठंडा हो गया। रात दो बजे हल्की बूंदाबांदी हुई थी। इसके बाद अल

- **धूप नहीं निकलने की वजह से लोगों के लिए ठंड मुसीबत का कारण बन गई**

सुबह 6 बजे तेज बिजली कड़कने के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो करीब आधे घंटे तक होती रही।



उदयपुर के फतहसागर झील के बीच स्थित नेहरू गार्डन कोहरे के बीच पूरी तरह से छुप गया।

बारिश के बाद घना कोहरा छाने से विजिबिलिटी भी कम हो गई। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी और तेज बारिश की वजह से कुछ जगहों पर पानी भी भर गया। तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई है। शुक्रवार अलसुबह शुरू हुई बारिश की वजह से दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे। इसकी वजह से सूर्य देव के दर्शन नहीं हो सके। धूप नहीं निकलने की वजह से लोगों के लिए ठंड मुसीबत का कारण बन गई। खास शुक्रवार अलसुबह शुरू हुई बारिश की वजह से दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे। बिना कार्य के लोगों ने घरों से बाहर निकला उचित नहीं समझा हांलाकि बारिश के रूकने के बाद सैकड़ो शहरवासियों ने सुप्रसिद्ध फतहसागर झील का रूख किया और लोगों ने मौसम का जमकर लुत्फ उठाया। ठंड बढ़ने के बावजूद लोग झील किनारे पहुंचे और पाल पर घूमते हुए गर्म पेय पदार्थ का आंनद लिया। कई लोग सेल्फी लेते भी नजर आए।

विजिबिलिटी कम होने के कारण महाराणा प्रताप एयरपोर्ट से कुछ फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया इनमें जयपुर-उदयपुर फ्लाइट (6ई7465), मुंबई-.उदयपुर (6ई5038), दिल्ली-उदयपुर (6ई2103), हैदराबाद-उदयपुर (6ई846) और इंदौर-उदयपुर (6ई7424) के बीच उड़ाने भरने वाली फ्लाइट डायवर्ट की गई है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए आने वाले दो दिनों में और बारिश होने की आंशका व्यक्त की है। मौसम विभाग की माने तो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से राजस्थान के कई जिलों में बारिश हो सकती है तो वहीं दूसरी और घना कोहरा होने की वजह से विजिबिलिटी पर भी असर पड़ेगा।

## श्रीमाधोपुर में सवा दो इंच बारिश हुई

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे व ग्रामीण आंचल में बीती रात्रि से कभी धीमा तो कभी तेज बरसात का दौर लगातार जारी है। लगातार हो रही बरसात के बाद आमजन की दिनचर्या में भी प्रभाव पड़ा है। मौसम की पहली मावठ के चलते सर्दी ने भी अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया जो पूरे दिन भर रुक-रुक कर बारिश हुई।

दिनभर हो रही बरसात ने आमजन की दिनचर्या को प्रभावित कर दियाऔर लोग शाम तक भी घरों में गर्म कपड़ों में दुबके नजर आये वहीं बाजार में आम दिनों की तरह चहल-पहल दिखाई नहीं दी, कई दुकानदारों ने तो सर्दी में बरसात के माहौल को देखते हुए घरों में ही दुबके रहे व घरों में ही चाय, पकौड़ी, मूंगफली आदि का आनंद लेते रहे हैं। लगातार हो रही वर्षा के बाद चारों ओर बारिश का पानी ही पानी हो गया। तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा बताया कि लगातार मध्य रात्रि से हो रही मावठ के बाद शहर में शाम तक 55 एमएम बारिश दर्ज की गई है। फिलहाल बारिश का दौर जारी है। इस बरसात से किसानों के खेतों में खड़ी जौ, चना, सरसों की फसल के लिए काफी फायदेमंद माना जा रहा है।

किसान जैसाराम गठाला, सीताराम सैनी, मोहनलाल सैनी लालवाला राजेंद्र कुमार लुणावाली ने बताया की फसल के लिए यह मावठ अमृत के समान है। इस बारिश से फसलों को काफी फायदा होगा।



श्रीमाधोपुर में बरसात होने से कोहरा छाया रहा।

**निवाई में तेज गडगडाहट के साथ हुई पहली मावठ :-** उपखण्ड क्षेत्र सहित शहर में बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ हुई पहली मावठ से जनजीवन प्रभावित हो गया। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से लोग कंपकंपा उठे। वहीं शुक्रवार को सुबह से शाम तक सूर्यदेव दर्शन नहीं हुए। दोपहर बाद बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ अचानक तेज बरसात हुई। इस दौरान बादलों की गड़गड़ाहट व आकाशीय बिजली के धमाकों से लोग सिहम उठे। बरसात होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से बाजारों में शाम के समय जल्दी ही सन्नाटा होने लगा। सर्दी से बचाव के लिए लोग घंटों तक अलाव जलाकर तापते हुए नजर आए। वहीं गांवों में भी घने कोहरे के साथ ठण्डी हवा चलने से कड़ाके की सर्दी से लोग कंपकंपा उठे। घने कोहरे के चलते यातायात सहित ट्रेने भी प्रभावित रही।

## सरवाड़, मसूदा में बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**सरवाड़/मसूदा, (निसं)।** सरवाड़ में गुरुवार रात्रि से मावठ की बारिश शुरू हुई जो शुक्रवार को पूरे दिन रुक रुककर जारी रही। बारिश से सरवाड़ के कई नाले अवरुद्ध हो गए। वहीं पालिका प्रशासन की साफ सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई।

शहर साहित उपखंड क्षेत्र के गांवों में बारिश होने से किसानों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। साथ ही तापमान में गिरावट आई है। आसमान में बादल छाए रहने से सर्दी का असर बढ़ गया। मावठ से किसानों के चेहरों पर खुशी की चमक देखने को मिल रही है। उपखंड क्षेत्र में गुरुवार रात को हल्की बूंदाबांदी हुई। मावठ से खेतों में फसलों में फायदा होगा। पिछले लगातार तीन दिनों से आसमान में बादल छाए रहने से सर्दी का असर अचानक से बढ़ गया है और सर्दी से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों से ढके हुए नजर आ रहे हैं। बाजार में भी सर्दी का असर देखा जा रहा है। वहीं सर्दी के चलते फसलों को भी फायदा मिलेगा। खेतों में अल सुबह से ही हल्का कोहरा छाया रहा। किसानों ने बताया कि मावठ से सरसों, गेहूं, जौ, चना सहित अन्य सभी फसलों को फायदा मिलेगा।

- **लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते हुए नजर आए**

**मसूदा में हुई बरसात :-** मसूदा उपखंड में मौसम का मिजाज बदला नजर आया। अलसुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। प्रदेश सहित जिले में पश्चिमी मानसून का असर नजर आया और मौसम का मिजाज बदल गया। घना कोहरा, सर्द हवाओं के बाद लोगों पर अब मावठ की बारिश का असर देखा गया।

मसूदा उपखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के साथ देर रात व दिन में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का सिलसिला बना रहा। तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिली। लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते हुए नजर आए। इसके अलावा दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। सर्दी और बारिश के चलते जनजीवन भी प्रभावित रहा। शुक्रवार को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए।

### पिलानी में ओले गिरे

**झुंझुनूं, (निसं)।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है। जिले में बरसात का दौर सुबह-सुबह जारी रहा। जिले के पिलानी कस्बे में तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई है। पिलानी में करीब पांच मिनट तक चने के आकार के ओले गिरे। ओलावृष्टि के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। ओलावृष्टि से सरसों व मटर सहित सब्जी की अन्य फसलों में नुकसान की सम्भावना है। मौसम विभाग ने जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए ओलावृष्टि, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की थी। झुंझुनूं जिले की 12 तहसीलों में 93 एमएम बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक 13 एमएम बारिश पिलानी, बिसाऊ तथा चिड़ावा तहसील में दर्ज की गई। जबकि खेतड़ी सूखा रहा। इसके अलावा मलसीसर में तीन एमएम, उदयपुरवाटी में सात, गुढ़ा में छह, बुहाना में चार, सूरजगढ़ में 11, नवलगढ़ में आठ, मंडावा में छह, झुंझुनूं में नौ एमएम बारिश दर्ज की गई है।

## फुलेरा में सीजन की पहली मावठ

**मावठ ने मौसम का मिजाज बदला, ठिठुरन बढ़ी, छूटी धूजणी**

**फुलेरा, (निसं)।** क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने व पूर्वी हवाओं के चलने से रात के पारे में चढ़ाव व दिन के पारे गिरावट से सीजन की पहली मावठ से दिनभर में अंधेरा हुआ तथा धूजणी छूटने लगी।

गौरतलब है कि कस्बे में पिछली रात से मेघगर्जन के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं शुक्रवार को अलसुबह से ही बारिश दिनभर रुक-रुककर मेघगर्जन व हल्की व मध्यम दर्जे की मावठ होती रही। इसके चलते दिनभर सूर्य के दर्शन भी दुर्लभ हो गये। मावठ की बारिश से किसानों के चेहरों पर चमक देखने को मिली। जानकारी के अनुसार रबि की फसल गेहूं, चना, जो, सरसों की फसल में फायदा होगा। जबकि पश्चिम विक्षोभ के असर से तापमान में गिरावट आयेगी।

इसके चलते धनिये की फसल को नुकसान की सम्भावना बढ़ेगी तथा पाला पड़ने की आशंका से फसलों को बचाने की जुगत करनी पड़ सकती है। क्षेत्र में दिनभर बारिश होने व ठण्ड बढ़ने से बाजारों की रौनक फीकी रही। खण्ड अधिक पड़ने से लोग घरो में दुबके रहे। इसके साथ क्षेत्र के दुकानदारों के कारोबार पर भी मौसम का असर दिखाई दिया। इसके अलावा क्षेत्र की चाय-पकौड़े की दुकानों व रैडियो पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। वहीं बाजार में लोग जगह-जगह अलाव तापते देखे गये। इसके अलावा स्कूलों की शीतकालीन अवकाश होते ही बच्चो ने अपनी छतों पर पतंगे उडानी शुरु कर दी थी। लेकिन बारिश के कारण बच्चे मायूस दिखाई दे रहे थे।




फुलेरा में दिनभर रूक-रूक कर होती बारिश के दौरान घूमते लोग।

### चूरू में 7.8 एमएम बारिश दर्ज

**चूरू, (निसं)।** चूरू में शुक्रवार सुबह हुई बारिश के बाद कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं ने लोगों को कड़ाके की ठंड से ठिठुराकर रख दिया। बारिश के कारण शहर के लोहिया कॉलेज और नेचर पार्क के सामने बरसाती पानी एकत्रित हो गया। सुबह आठ बजे बाद घना कोहरा छाया। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 200 मीटर रही। जिले में गुरुवार रात आसमान में घने बादल छाये रहे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े चार बजे बिजली की गर्जना के बाद बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम ठंडा हो गया। लोगों ने सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। कोहरे के कारण सुबह के समय सड़कों पर वाहन धीमी गति से रेंगते नजर आए। कृषि विषेषज्ञों की मानें तो गेहूं, चना और सरसों की फसलों के लिए कोहरा और मावठ बहुत फायदेमंद है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे तक 7.8 एमएम बारिश दर्ज की गई।

### फिरौती मांगने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** प्रोपर्टी डीलर का अपहरण कर उससे एक करोड़ की फिरौती मांगने वाले दो शातिर बदमाशों को सविना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 25 दिसंबर को पीड़ित ऐजज पुत्र मोहम्मद मुमताज निवासी मन 1 युआईटी कॉलोनी सेक्टर 12 सविना ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी थी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मोईन उर्फ मोईनुद्दीन पुत्र सलीम छीपा उर्फ सलीम धागा निवासी गुलमण्डी सात भाईयों की गली थाना भीमगंज भीलवाड़ा, मोहसीन खान पठान पुत्र हनीफ खान पठान निवासी तेजाजी चौक थाना भीमगंज भीलवाड़ा को भीलवाड़ा से डिटेन कर उदयपुर लाने के लिए रवाना हुए। इस दौरान भागने के प्रयास में दोनों चोटिल हो गए। पुलिस ने दोनों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

## छात्र पर जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** आरकेपुरम थाना इलाके में अग्निशमन केन्द्र के पास छात्र पर चाकू से हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस टीम ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र प्रेमशंकर के ऊपर चाकूबाजी की वारदात सामने आने पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं आरकेपुरम थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। गठित टीम ने अग्निशमन केन्द्र के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार एवं मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हमले के आरोपी थाना अंता रसखैडा गांव निवासी देवेन्द्र (21), अकतासा निवासी गौरीशंकर उर्फ गौरू (21) और बंधा धर्मपुरा निवासी कान्हाराम उर्फ कान्हा (24) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की।

आरकेपुरम थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर जाखडोद हाल महावीर नगर विस्तार योजना निवासी प्रेमशंकर ने 23 दिसंबर को पर्चा बयान दिया था जिसमें कहा कि अग्निशमन केन्द्र के पास चाय की दुकान जाने के लिये रोड क्रॉस कर रहा था तभी बाइक पर तीन व्यक्ति आये और गाली-गलौच करते हुऐ जानलेवा हमला कर जांघ पर चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने प्रेमशंकर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर घटना का खुलासा करते हुए तीन हमलावरों को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी गिरफ्तार

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर क्षेत्र की भालेरी पुलिस ने अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को मात्र दो घंटे में गिरफ्तार किया है। वहीं अपहृत बालक को सकुशल छुडवाकर परिजनों को सुपुर्द किया। तारानगर पुलिस उप अधीक्षक रोहित सांखला ने बताया कि गुरुवार देर रात भालेरी थाना क्षेत्र के गांव कानडवास से एक लड़के को जान से मारने की नियत से उसके घर से 3-4 लड़के फोरचुंनर गाड़ी में डालकर ले जाने की सूचना मिली, भालेरी थानाधिकारी नेतृत्व में थाने की टीम गठित की एवं जिलेभर में नाकाबंदी करवाकर तलाश शुरू की गयी। जिस पर भालेरी पुलिस व भानीपुरा थानाधिकारी रायसिंह मय टीम के सहयोग से आरोपी अपहरणकर्ता रणवीर पुत्र तेजाराम, कालू उर्फ़ चेतनाराम पुत्र हंसराज निवासी मालकसर भानीपुरा, कैलाश पुत्र मांगीलाल निवासी रंगाईसर सरदारशहर को वारदात के मात्र दो घण्टे में गिरफ्तार कर अपहृत बालक को सकुशल छुडवाकर परिजनों को सुपुर्द किया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर पुछताछ शुरू की।

## बिजली की हाइटेंशन लाइनों से टकराकर ग्रिफन गिद्ध घायल

**जैसलमेर, (निसं)।** जैसलमेर जिले की फतेहगढ़ तहसील के सांवता गांव की सरहद के पास श्रीदेगराय मंदिर ओरण क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक हिमालयी ग्रिफन प्रजाति का गिद्ध बिजली की हाइटेंशन लाइनों से टकराकर घायल होकर जमीन पर गिर गया, जिसे मौके पर मौजूद पशुपालक भोमसिंह ने देखा और इसकी सूचना पर्यावरण संरक्षक सुमेरसिंह भाटी सांवता को दी। जिन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी।

साथ ही बताया कि जिस इलाके में यह गिद्ध दुर्घटनाग्रस्त हुआ है वहां पर पवन ऊर्जा संयंत्र के लिये भी सर्वेक्षण कार्य हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश भी है। हिमालयी ग्रिफन गिद्ध भारतीय वन्यजीव कानून के अंतर्गत प्रथम श्रेणी का संरक्षित दुर्लभ पक्षी है। यह पक्षी इन दिनों सर्दियों के प्रवास पर जैसलमेर के विभिन्न ओरणों में पशुपालन बाहुल्य क्षेत्रों में मौजूद हैं, जहां बिजली तारों से टकराकर यह दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।



ग्रिफन प्रजाति का गिद्ध बिजली की हाइटेंशन लाइनों से टकराकर जमीन पर गिर गया।

### धुंध में लिपटी रही सूर्यनगरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में शुक्रवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। आसमान पर सुबह से बादल छाए हुए रहे। इस कारण दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। इससे पहले दोपहर बारह बजे तक कोहरे का असर देखा गया। मौसम को देखते हुए मावठ की पहली बारिश की संभावना भी जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से शहर में आज सुबह से ही बादल छाए रहे। इसके चलते शहर में बारिश की संभावना बनी रही। बादल छाए होने की वजह से शहरवासियों को सूर्य देव के भी दर्शन नहीं हुए। ठंड से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन करते नजर आए। तापमान अधिक होने के बावजूद कोहरा और बादलों की आवाजाही के साथ ठंडी बयार ने लोगों को ठिठुराए रखा। धूप नहीं के बराबर निकली। बर्फ़ीली हवा के झोंकों से दिनभर सर्दी बनी रही। दोपहर में तापमान 22 डिग्री पर पहुंचा जो सामान्य से चार डिग्री कम था।

## वन विभाग के रेंजर को 1.90 लाख की संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा

**माण्डलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ वन विभाग के रेंजर पुष्पेंद्र सिंह राणावत को भीलवाड़ा की एसीबी की टीम ने संदिग्ध राशि के साथ पकड़ा है। रेंजर मांडलगढ़ से विभाग के सरकारी वाहन में 1.90 लाख की संदिग्ध राशि लेकर भीलवाड़ा की ओर जा रहे थे।

एसीबी टीम ने सूचना के आधार पर बीच रास्ते मे रेंजर पुष्पेंद्र सिंह के वाहन को रुकवाकर तलाशी ली। सरकारी वाहन से जब्त राशि के बारे में रेंजर द्वारा टीम को कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने के आरोप में हिरासत में लिया है और बरामद राशि के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। एसीबी टीम ने बताया कि अवैध खनन को संरक्षण देने और दलालों के मार्फ़त रिश्वत की राशि एकत्रित करने का आरोप है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाड़ा की निरीक्षक

- **सरकारी वाहन में ले जाई जा रही थी राशि**
- **'अवैध खनन को संरक्षण देने और दलालों के मार्फ़त राशि एकत्रित करने का आरोप'**

कंचन भाटी टीम सहित मांडलगढ़ वन विभाग के दफ्तर पहुंची और रेंजर के आवास पर करीब तीन घण्टे तक सर्च किया, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। जानकारी के अनुसार वन विभाग मांडलगढ़ कार्यालय में करीब छह माह पूर्व पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने पदभार ग्रहण किया था। राणावत के ख़िलाफ़ ब्यूरो को भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थी।

### बीएसएफ़ जवान ने खुद को गोली मारी

**जैसलमेर, (निसं)।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। मृतक कृष्णकुमार (44) होशियारपुर (पंजाब) के निवासी थे। जानकारी के अनुसार 173वीं बटालियन के कृष्ण कुमार शाहगढ़ एरिया में भानु सीमा चौकी पर पोस्टेड थे। वे 24 साल से बीएसएफ में थे। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे की है। शाहगढ़ थाना प्रभारी बाबूराम ने बताया कि सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है।

### अधेड़ की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना क्षेत्र में अधेड़ की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शशिकान्त कुमार शर्मा पुत्र केदारमल शर्मा निवासी रानी जीकी बावड़ी सेक्टर 7 विद्याधर नगर जयपुर हॉल डाकन कोटड़ा की 25 दिसंबर रात में अकाल मौत हो गई।

## बीसलपुर बांध से मछली पकड़ने की बात पर मारपीट, दो युवक घायल

**देवली, (निसं)।** यहां उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध से मछली पकड़ने की बात पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। हालांकि इस मामले में दो युवक गंभीर चोटिल हुए हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर आरोप लगाया है कि शहर के देवली गांव नेकचाल रोड पर शुक्रवार सुबह एक कार में सवार लोगों ने देवली पालिका के पार्षद और एक अन्य युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों घायलों को राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं घायल युवक कुमोद पोद्दार निवासी बंगाली कॉलोनी को गंभीर चोट आने पर उच्च चिकित्सालय हेतु रेफर कर दिया गया है।

पालिका पार्षद प्रताप विश्वास ने बताया कि वह और उसका साथी कुमोद पोद्दार शुक्रवार की सुबह नासिरदा ग्राम से बाइक लेकर देवली के लिए वापस लौट रहे थे। तभी देवली शहर पहुंचने के करीब नेकचाल बालाजी रोड पर एक सफेद थार ने पीछे से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी और वह बाइक से गिर गए। यहां पार्षद ने एक फिशरीज सिक्योरिटी कंपनी पर आरोप लगाया कि इसी दौरान थार में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग उतरे। जिन्होंने उसे और उसके साथी को कार में बिठा लिया। इस दौरान फिशरीज सिक्योरिटी कंपनी टीम के कर्मचारी उसे और उसके साथी को शहर के जयपुर रोड प्रताप नारायण कॉलोनी के पीछे एक मकान लाकर बंद कर दिया। प्रताप विश्वास ने आरोप लगाया कि यहां सिक्योरिटी कंपनी के कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की और लोहे के पाइप से पीटा गया जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। वही साथी कुमुद को अंदरूनी चोट पहुंची।

इधर इस मामले में फिशरीज सिक्योरिटी कंपनी के उक्त कर्मचारियों ने पार्षद और उसके साथी पर आरोप लगाया है कि पार्षद प्रताप विश्वास और कुमुद पोद्दार दोनों व्यक्ति बीसलपुर बांध से अनैतिक तौर पर मछली निकालते दिखाई दिए। इस दौरान सिक्योरिटी टीम ने इन्हें मछली पकड़ने से रोका तो वह मछली से भरा कट्टा छोड़कर बाइक पर भाग निकले। इस दौरान फिशरीज सिक्योरिटी गार्ड बादल मीणा दीपू गुर्जर आलोक व आत्मराम ने इनका पीछा किया। तभी प्रताप विश्वास और कुमुद बाइक से गिर गए जिससे शायद चोटिल हो गए। यह भी बताया कि बीसलपुर बांध से अनैतिक तौर पर मछली पकड़ने जानकारी देवली पुलिस थाना में दी गई। इधर इस मामले में घायल प्रताप विश्वास और उसके साथी ने कंपनी के कर्मचारी बादल मीणा दीपू गुर्जर आलोक व आत्मराम के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया दिया है। ऐसे में पुलिस ने भी उक्त मामले में जांच शुरू कर दी है।

